# कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) पुष्कर, अजमेर

दिनांक ...............

कमांक : तपु/भू.अ./2018/

निमित्त :– श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय,
पुष्कर (अजमेर)

विषयः– ग्राम मझेवला स्थित पंचमथा माताजी के मन्दिर तक सड़क बनवाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि सरपंच ग्राम पंचायत कड़ैल द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम मझेवला स्थित प्राचीन पंचमथा माताजी मन्दिर तक सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हो रखी है, किन्तु उक्त मंदिर वन भूमि में स्थित होने के कारण कार्य प्रारम्भ करने में विलम्ब हो रहा है। ~~उन्होंने राजस्व~~ इस सन्दर्भ में पटवारी हल्का से रिकार्ड एवं मौके की रिपोर्ट प्राप्त की गयी। प्राप्त रिपोर्ट अनुसार उक्त मन्दिर ग्राम मझेवला के आराजी खसरा नम्बर 01 की उत्तरी पश्चिमी सीमा पर पहाडी पर स्थित है। राजस्व रिकार्ड अनुसार उक्त खसरा नम्बर 01 कुल रकबा 125.19 किस्म गै0मु0 पहाड़ वन विभाग के खाते में दर्ज है। ग्राम वासियों से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त मन्दिर लगभग 400 वर्ष पुराना होना अवगत कराया गया है। जिस पर पहुंच हेतु ग्राम मझेवला से ग्रेवल सड़क बनी हुयी है एवं उंचाई पर जाने हेतु सीढिया निर्मित है। अतः प्राप्त जांच रिपोर्ट श्रीमान् को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नः– पटवारी रिपोर्ट

Sd/-
तहसीलदार पुष्कर

दिनांक 25.05.18

कमांक : तपु/भू.अ./2018/ 754–756

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुष्कर।
2. क्षेत्रीय वन अधिकारी, पुष्कर।

तहसीलदार पुष्कर

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी पुष्कर(अजमेर)

क्रमांक / उखपु / 2018 / 543 दिनांक : 28/5/2018

निमित्तः–

श्रीमान अधिशाषी अभियंता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड– अजमेर।

विषयः– ग्राम मझेवला स्थित पंचमथा माताजी के मन्दिर की सीढी तक सडक बनवाने के संदर्भ मे।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि तहसीलदार पुष्कर , भू0अ0 अजमेर ने अपने पत्र कमांक– 754–756 दिनांक– 25 / 05 / 2018 के द्वारा सूचित किया है कि ग्राम मझेवला स्थित पंचमथा माताजी के मन्दिर आराजी खसरा नं0 1 की उत्तरी पश्चिमी सीमा पहाडी पर स्थित है। राजस्व रेकार्ड के अनुसार उक्त खसरा नं0 1 कुल रकबा 125.19 हैक्ट0 किस्म गै0मु0 पहाड वन विभाग के खाते में दर्ज है। ग्रामवासियो से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मंदिर लगभग 400 वर्ष पुराना होना अवगत कराया है। जिस पर पहुच हेतु मझेवला से ग्रेवल सडक व उचाई पर जाने हेतु सीढियॉ 1980 से पूर्व से ही निर्मित है।

संलग्नः– तहसीलदार पुष्कर की रिपोर्ट।

उपखण्ड अधिकारी
पुष्कर(अजमेर)